# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

Ref:.................... Date:..........................

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (24.07.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:24.07.2025, PAGE-04**

### कुलपति और राजभवन की प्रतिनिधि भी रहीं मौजूद, पूरी प्रक्रिया की कराई गई वीडियो रिकार्डिंग

# 23 कॉलेजों को लॉटरी से मिले नये प्राचार्य

**बीआरएबीयू**

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू के 23 कॉलेजों को बुधवार को नये प्राचार्य मिल गये। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में लॉटरी निकालकर प्राचार्यों को कॉलेज आवंटन किया गया। कॉलेज आवंटन के दौरान राजभवन की प्रतिनिधि प्रो. रुखसाना खातून और बीआरएबीयू के रजिस्ट्रार प्रो समीर कुमार शर्मा कमेटी के सदस्य सचिव के तौर पर मौजूद रहे।

लॉटरी निकालने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधि के तौर पर मेयर निर्मला साहू और डिप्टी मेयर डॉ मोनालिसा शामिल हुईं। लॉटरी निकालने की प्रकिया सुबह 11.40 बजे शुरू हुई। इससे पहले रजिस्ट्रार प्रो.समीर कुमार शर्मा ने राजभवन के निर्देशों को पढ़कर सुनाया। वीसी ने कहा कि बीआरएबीयू के 42 अंगीभूत कॉलेजों में से 30 में स्थायी प्राचार्य आ गये हैं। फिलहाल, 12 कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्य रहेंगे।

**पहले पीजी कॉलेजों के लिए लॉटरी:** प्राचार्यों के कॉलेज आवंटन के लिए लॉटरी चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी रामायण ने निकाली। पहले पीजी कॉलेज और उसके बाद स्नातक स्तरीय कॉलेजों की लॉटरी निकाली गई। लॉटरी निकालने की शुरुआत मुजफ्फरपुर पूर्वी अनुमंडल से हुई, जिसमें पहला नाम अलका जायसवाल का निकला। उन्हें एमडीडीएम कॉलेज मिला। दूसरे नंबर पर प्रो. कनुप्रिया का नाम आया। उन्हें एलएस कॉलेज मिला। इसी तरह सभी अनुमंडल के हिसाब से कॉलेजों की लॉटरी निकाली गई। सीतामढ़ी के लिए किसी भी प्राचार्य ने च्वाइस नहीं दिया था, इसलिए वहां के तीनों कॉलेज खाली रह गये।

**मेडिकल आधार पर भरा था च्वाइस:** लॉटरी से पहले प्राचार्यों से मेडिकल और परिवारिक स्थिति पर च्वाइस मांगा गया था। सबसे ज्यादा च्वाइस हाजीपुर व मुजफ्फरपुर पूर्वी के लिए आये थे। विवि प्रशासन ने मेडिकल के तहत आवेदन देने वाले अभ्यर्थियों की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया था। मेडिकल बोर्ड के गठन के बाद जिन लोगों के आवेदन पास हुए, उनके च्वाइस के आधार पर अनुमंडल दिये गये। लॉटरी निकालने के दौरान दो लोगों ने कहा कि उन्होंने भी मेडिकल दिया था, जिसपर वीसी ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने उनके आवेदन को खारिज कर दिया है।

**12** कॉलेज रह गये खाली इन कॉलेजों में बनाये जाएंगे प्रभारी प्राचार्य

### जो कॉलेज मिला, उसमें मन लगाकर करें काम : वीसी

लॉटरी की प्रक्रिया के बाद कुलपति ने कहा कि जिन्हें जो कॉलेज मिला है, वहां शैक्षिक व्यवस्था का विकास करें। सभी को मनचाही जगह नही मिलती है। कॉलेज के नये प्राचार्य जब अपना कार्यकाल पूरा कर निकलें तो उन्हें यह संतोष रहे कि बढ़िया काम किया है।



बीआरएबीयू के सीनेट हॉल में बुधवार को लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मौजूद कुलपति व अन्य।

### विरोध में साइंस कालेज के प्राचार्य ने लिखा पत्र

मुजफ्फरपुर। अपने तबादले के विरोध में एमपी सिन्हा साइंस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नलिन विलोचन ने रजिस्ट्रार को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि वह आयोग की अनुशंसा पर नियुक्त प्राचार्य हैं। उनका कहना है कि विवि ने नियमित प्राचार्य का स्थानांतरण किया है और मैं नियमित प्राचार्य के तौर पर एमपी सिन्हा साइंस कॉलेज में पदस्थापित नहीं था, इसलिए मेरा स्थानांतरण उचित नहीं है।

### प्रो. कनुप्रिया एलएस कॉलेज और प्रो. अलका एमडीडीएम की प्राचार्य

एलएस कॉलेज, मुजफ्फरपुर - प्रो कनुप्रिया
आरडीएस कॉलेज- प्रो शशिभूषण कुमार
एमडीडीएम कॉलेज- प्रो अलका जायसवाल
आरबीबीएम कॉलेज- प्रो मधु सिंह
एमएसकेबी कॉलेज- डॉ राकेश कुमार सिंह
नीतीश्वर कॉलेज- प्रो प्रमोद कुमार
रामेश्वर कॉलेज- प्रो श्यामल किशोर
एमपी सिन्हा साइंस कॉलेज- प्रो राजीव कुमार
आरएन कॉलेज, हाजीपुर- प्रो विनोद मंडल
वैशाली महिला कॉलेज, वैशाली-प्रो सुधीर कुमार सिंह
बीएमडी दयालपुर कॉलेज, वैशाली- प्रो सुनीता गुप्ता
देव चंद कॉलेज, वैशाली- प्रो अनिल कुमार
जमुनी लाल कॉलेज, हाजीपुर- प्रो वीरेंद्र कुमार
एलएन कॉलेज, भगवानपुर-प्रो सुनीता शर्मा
सीएन कॉलेज, साहेबगंज- प्रो विवेकानंद सिंह
राजकीय डिग्री कॉलेज बगहा- प्रो जागो चौधरी
डिग्री कॉलेज, पकड़ीदयाल-प्रो मनोज कुमार मुकुल
राजकीय डिग्री कॉलेज, शिवहर-प्रो संजीव राम
जेएलएनएम कॉलेज, घोड़ासहन-डॉ राजेश कुमार सिंह
जेएस कॉलेज चंदौली- प्रो प्रमोद कुमार सिंह
जीवछ कॉलेज, मोतीपुर- प्रो किशोर पासवान
केसीटीसी कॉलेज, रक्सौल- विनोद बैठा
एलएनडी कॉलेज, मोतिहारी- प्रो मृगेंद्र

### इन कॉलजों में जाएंगे प्रभारी प्राचार्य

चकियाज कॉलेज, महनार, वैशाली
समता कॉलेज, जंदाहा, वैशाली
आरएसएस साइंस कॉलेज, सीतामढ़ी
आरएसएस महिला कॉलेज, सीतामढ़ी
एसआरपीएस कॉलेज, जैतपुर मुजफ्फरपुर
एसएलके कॉलेज, सीतामढ़ी
एमएस कॉलेज, मोतिहारी
एसएनएस कॉलेज, मोतिहारी
एमजेके कॉलेज, बेतिया
आरएलएसवाई कॉलेज, बेतिया
टीपी वर्मा कॉलेज, नरकटियागंज
एमएसएसी कॉलेज, अरेराज

**BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR**
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 24.07.2025, PAGE-04

# दीक्षांत समारोह में आएंगे दो राज्यपाल

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में 25 अगस्त को होनेवाले दीक्षांत समारोह की तैयारी चल रही है। विवि प्रशासन ने अगले साल भी दीक्षांत समारोह कराने की योजना पर काम कर रहा है। इसबार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा होंगे। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी समारोह में मौजूद रहेंगे। वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय का कहना है कि अगले साल हमारी कोशिश है कि दीक्षांत समारोह में देश की राष्ट्रपति छात्रों को मेडल दें।

# शोध प्रबंध में परिकल्पना परीक्षण का समावेश जरूरी

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के अर्थशास्त्र विभाग में चल रही कार्यशाला के दूसरे दिन बुधवार को अलीगढ़ मुस्लिम विवि के प्रो. तारिक ने कहा कि शोध कार्य में परिकल्पना परीक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक कथन को परिकल्पना नहीं माना जा सकता। इसमें संभाव्यता की अवधारणा जुड़ी होती है। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. विनिता वर्मा ने की।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 24.07.2025, PAGE-04

### 15 दिनों में कॉलेजों में दे देंगे योगदान, प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी

# लॉटरी सिस्टम से बीआरएबीयू के 23 कॉलेजों को मिल गये प्राचार्य

- जनप्रतिनिधियों के समक्ष करायी लॉटरी प्रक्रिया, डॉ कनुप्रिया एलएस कॉलेज की प्राचार्य बनीं

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू के सीनेट सभागार में लॉटरी सिस्टम से 23 अंगीभूत कॉलेजों में प्राचार्यों की नियुक्ति की गयी. बिहार विवि सेवा आयोग की ओर से अनुशंसित इन प्राचार्यों की ओर से दिए गये विकल्पों के आधार पर अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के अनुसार लॉटरी के लिए पर्ची निकाली गयी. विवि के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी ने पर्ची निकाली.

इसके आधार पर डॉ कनुप्रिया को लंगट सिंह कॉलेज, डॉ मधु सिंह को आरबीबीएम कॉलेज, डॉ अलका जायसवाल को एमडीडीएम कॉलेज आवंटित हुआ है. शाम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो समीर कुमार शर्मा ने 23 कॉलेजों के लिए पदस्थापित प्राचार्यों की सूची जारी कर दी.

नवनियुक्त प्राचार्यों को 15 दिनों के भीतर आवंटित कॉलेजों में योगदान देना है. लॉटरी की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी हुई है. वहीं इस प्रक्रिया के दौरान राजभवन की ओर से नामित प्रतिनिधि के रूप में प्रो रुखसाना खातून व जनप्रतिनिधि के रूप में मेयर निर्मला व उप मेयर डॉ मोनालिसा उपस्थित हुईं.

### 12 कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्यों की नियुक्ति

बीआरएबीयू में 39 अंगीभूत व तीन राजकीय कॉलेज हैं.सात कॉलेजों में एक दिन पूर्व ही विवि की ओर से प्राचार्यों का स्थानांतरित किया गया है. वहीं 23 कॉलेजों में लॉटरी सिस्टम से प्राचार्यों की नियुक्ति कर दी गयी है. इसके बाद 12 कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्यों की नियुक्ति की जायेगी.



विश्वविद्यालय के सीनेट सभागार में लॉटरी सिस्टम से प्राचार्य की नियुक्ति के मौके पर कुलपति व अन्य अतिथि.

### इन कॉलेजों में प्राचार्य के पद अब भी हैं रिक्त

जिन कॉलेजों मे प्राचार्य के पद रिक्त हैं उनमे मुजफ्फरपुर मे एसआरपीएस कॉलेज जैतपुर, वैशाली में आरपीएस कॉलेज चकयाज, एमएसएम समता कॉलेज जन्दाहा, सीतामढ़ी में आरएसएस महिला कॉलेज, आरएसएस साइंस कॉलेज और एसएलके कॉलेज का नाम शामिल हैं. वहीं, मोतिहारी में एमएस कॉलेज, एसएनएस कॉलेज व एमएसएसजी कॉलेज अरेराज के साथ ही एमजेके कॉलेज बेतिया, आरएलएसवाई कॉलेज बेतिया व टीपी वर्मा कॉलेज, नरकटियागंज का नाम शामिल है.

### एलएस कॉलेज : डॉ कनुप्रिया ने संभाला पदभार



**मुजफ्फरपुर.** विश्वविद्यालय की ओर से लॉटरी सिस्टम से कॉलेज आवंटित किये जाने के बाद बुधवार की शाम डॉ कनुप्रिया ने एलएस कॉलेज में पदभार ग्रहण कर लिया. यहां निवर्तमान प्राचार्य ने उन्हें पदभार सौंपा. इससे पूर्व डॉ कनुप्रिया ने एमडीडीएम कॉलेज में डॉ अल्का जायसवाल को प्राचार्य का पदभार सौंप दिया. डॉ कनुप्रिया के पदभार संभालने के बाद शिक्षक व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया. स्वागत करने वालों में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ आनंद, ऋषि, सत्येंद्र कुमार समेत अन्य शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर को स्कैन करें.

### प्राचार्य और कॉलेज

- डॉ कनुप्रिया– एलएस कॉलेज
- प्रो मधु सिंह– आरबीबीएम कॉलेज
- डॉ अलका जायसवाल– एमडीडीएम कॉलेज
- डॉ शशि भूषण– आरडीएस कॉलेज
- डॉ प्रमोद कुमार– नीतीश्वर कॉलेज
- डॉ श्यामल किशोर– रामेश्वर महाविद्यालय
- डॉ राजीव कुमार– एमपीएस साइंस कॉलेज
- डॉ राकेश कुमार– एमएसकेबी कॉलेज
- डॉ विनोद मंडल– आरएन कॉलेज हाजीपुर
- डॉ सुधीर सिंह– वैशाली महिला कॉलेज
- डॉ सुनीता गुप्ता– बीएमडी कॉलेज दयालपुर
- डॉ अनिल– डीसी कॉलेज हाजीपुर
- डॉ वीरेंद्र– जेएल कॉलेज हाजीपुर
- डॉ सुनीता शर्मा– एलएन कॉलेज भगवानपुर
- डॉ मृगेंद्र– एलएनडी कॉलेज मोतिहारी
- डॉ विवेकानंद सिंह– सीएन कॉलेज साहेबगंज
- डॉ जागो चौधरी– गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बगहा
- डॉ मनोज – गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज पकड़ीदयाल
- डॉ संजीव राम– गवर्मेंट डिग्री कॉलेज शिवहर
- डॉ राजेश सिंह– जेएलएनएम कॉलेज घोड़ासाहन
- डॉ प्रमोद सिंह– जेएस कॉलेज चंदौली
- डॉ किशोर पासवान– जीवछ कॉलेज मोतीपुर
- डॉ विनोद बैठा– केसीटीसी कॉलेज रक्सौल

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 24.07.2025, PAGE-04**

### एलएस कॉलेज में कनुप्रिया, एमडीडीएम में अलका और आरबीबीएम में मधु को जिम्मेदारी

# 23 प्राचार्यों की निकली 'लॉटरी', 15 दिनों के भीतर आवंटित कॉलेजों में देंगे योगदान

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग से चयनित 23 प्राचार्यों की बुधवार को लॉटरी निकली। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नव नियुक्त प्राचार्यों की पोस्टिंग लॉटरी सिस्टम से की गई। पहले चरण में सभी जिलों के पीजी कॉलेजों में पोस्टिंग की गई। इसके बाद अन्य कॉलेज आवंटित किए गए। दोपहर बाद कुलपति के आदेश पर कुलसचिव की ओर से अधिसूचना जारी करते हुए 15 दिन के अंदर आवंटित कॉलेजों में योगदान करके विश्वविद्यालय को रिपोर्ट करने को कहा गया है। विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में राजभवन की प्रतिनिधि प्रो. रुखसाना खातून की मौजूदगी में प्रक्रिया शुरू की गई। कुलसचिव प्रो. समीर कुमार शर्मा ने राजभवन की ओर से जारी गाइडलाइन के बारे में बताया। इसके बाद प्राचार्यों के नाम की परची बॉक्स में डाली गई। कर्मचारी के हाथ से एक-एक निकाली गई और कॉलेजों की अल्फाबेटिकली बनी सूची के अनुसार प्राचार्यों की पोस्टिंग की गई। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय, मेयर निर्मला साहू, डिप्टी मेयर डॉ. मोनालिसा व कुलानुशासक प्रो. बीएस राय मौजूद थे।

**लॉटरी सिस्टम से पदस्थापित प्राचार्य**

1. एलएस कॉलेज - प्रो. कनुप्रिया
2. आरबीबीएम कॉलेज - प्रो. मधु सिंह
3. एमडीडीएम कॉलेज - प्रो. अलका जायसवाल
4. आरडीएस कॉलेज - डॉ. शशिभूषण
5. नीतीश्वर कॉलेज - डॉ. प्रमोद कुमार
6. रामेश्वर महाविद्यालय - डॉ. श्यामल किशोर
7. एमपीएस साइंस कॉलेज - डॉ. राजीव कुमार
8. एमएसकेबी कॉलेज - डॉ. राकेश कुमार
9. आरएन कॉलेज हाजीपुर - डॉ. विनोद मंडल
10. वैशाली महिला कॉलेज - डॉ. सुधीर कु. सिंह
11. बीएमडी कॉ. दयालपुर - डॉ. सुनीता कु. गुप्ता
12. डीसी कॉलेज हाजीपुर - डॉ. अनिल कुमार
13. जेएल कॉलेज हाजीपुर - डॉ. वीरेंद्र कुमार
14. एलएन कॉ. भगवानपुर - डॉ. सुनीता कु. शर्मा
15. एलएनडी कॉलेज मोतिहारी - डॉ. मृगेंद्र कुमार
16. सीएन कॉलेज साहेबगंज - डॉ. विवेकानंद सिंह
17. गवर्नमेंट डिग्री कॉ. बगहा - डॉ. जागो चौधरी
18. गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज पकड़ी दयाल - डॉ. मनोज कुमार मुकुल
19. गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज शिवहर - डॉ. संजीव कुमार राम
20. जेएलएनएम घोड़ासहन - डॉ. राजेश कु. सिंह
21. जेएस कॉलेज चंदौली - डॉ. प्रमोद कुमार सिंह
22. जीवछ कॉलेज मोतीपुर - डॉ. किशोर कुमार पासवान
23. केसीटीसी कॉलेज रक्सौल - डॉ. विनोद बैठा

**कुल 42 कॉलेज, 30 कॉलेजों में स्थाई प्राचार्य, 12 में प्रभारी**

विवि के अधीन 39 अंगीभूत और 3 गवर्नमेंट कॉलेज हैं। इसमें 7 कॉलेजों में स्थाई प्राचार्य मंगलवार को नियुक्त किए गए, जबकि 23 की पोस्टिंग बुधवार को की गई। अब 12 कॉलेजों में प्रभारी के भरोसे काम चलाया जाएगा। इसमें एसआरपीएस कॉलेज जैतपुर, आरपीएस कॉलेज चकियाज वैशाली, समता कॉलेज जंदाहा, आरएसएस महिला कॉलेज, आरएसएस साइंस कॉलेज, एसएलके कॉलेज सीतामढ़ी, एमएस कॉलेज, एसएनएस कॉलेज मोतिहारी, एमएसएसजी कॉलेज अरेराज, एमजेके कॉलेज, आरएलएसवाई कॉलेज बेतिया व टीपी वर्मा कॉलेज है।

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:24.07.2025, PAGE-04**

# शोध कार्य में परिकल्पना परीक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण

### बीआरए बिहार विवि में परिकल्पना परीक्षण कार्यशाला आयोजित

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में चल रहे कार्यशाला के दूसरे दिन बुधवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से आए प्रो. मोहम्मद तारिक ने 'परिकल्पना परीक्षण' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। पहले व दूसरे सत्र में उन्होंने विस्तारपूर्वक समझाया कि शोध कार्य में परिकल्पना परीक्षण की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक कथन को परिकल्पना नहीं माना जा सकता, इसमें संभाव्यता की अवधारणा जुड़ी होती है। प्रो. तारिक ने कहा कि पीएचडी शोध प्रबंध में परिकल्पना परीक्षण का समावेश अनिवार्य है, जिसमें परिकल्पना को स्वीकार या अस्वीकार किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि गुणवत्तापूर्ण पीएचडी शोध प्रबंध के लिए अर्थमिति (इकोनॉमिट्रिक्स) उपकरणों का प्रयोग आवश्यक है। दूसरे सत्र के दौरान एलएन मिथिला विश्वविद्यालय से डॉ. खुर्शीद अहमद खान ने एसपीएसएस सॉफ्टवेयर पर डेटा के वर्णनात्मक विश्लेषण का प्रशिक्षण दिया। रिसर्च स्कॉलर अभय रंजन, रितु वर्मा, शिल्पा, अनुप्रिया, राहुल आशुतोष, काजल, सोनू शर्मा, रितु, दीपक, सुगंधा, सुरभि, रीना, वंदना, रजनी, छोटन, रंजन, देवनारायण आदि मौजूद रहे।